हरिभूमि
# मध्यांचल भूमि
रायपुर, शनिवार 5 जुलाई 2025

तापमान
अधिकतम 29.0 डिग्री
न्यूनतम 24.0 डिग्री

11 नपा अध्यक्ष ने नवपदस्थ सीएमओ का किया...



12 किसान-जवान-संविधान सभा में शामिल...





## आंदोलन : छात्रा से छेड़छाड़ पर साहू समाज आक्रोश

# शिक्षक के स्कूल की मान्यता रद्द कराने साहू समाज का आंदोलन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार



जिले के सुहेला में एक छात्रा से हुए छेड़छाड़ मामले ने तुल पकड़ लिया है। घटना से आक्रोशित साहू समाज ने शुक्रवार को आरोपी द्वारा संचालित शांति देवी उच्चतर माध्यमिक विद्यालय की मान्यता रद्द करने की मांग को लेकर स्कूल के सामने सैकड़ों की संख्या में एकत्रित होकर धरना प्रदर्शन किया है। हालांकि उक्त मामले में आरोपी की गिरफ्तारी हो चुकी है।

विदित हो कि बीते 9 जून को पूरक परीक्षा में पास कराने की बात को लेकर शिक्षक शैलेश कुमार वर्मा ने एक नाबालिक छात्रा के साथ छेड़छाड़ किया था। छात्रा की मां के रिपोर्ट पर सुहेला थाना पुलिस ने आरोपी शिक्षक को गिरफ्तार कर लिया था। जिलाध्यक्ष सुनील साहू ने बताया कि आरोपी शिक्षक शैलेश कुमार वर्मा एक शासकीय शिक्षक है व सुहेला में शांति देवी उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के नाम से निजी स्कूल का संचालन करता है। समाज ने आरोपी शिक्षक को नौकरी से बर्खास्त करने व स्कूल मान्यता रद्द करने की मांग बीते 19 जून को कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर किया था। कलेक्टर ने मांग पूरी करने का आश्वासन भी दिया था, लेकिन लगभग 15 दिन बाद भी मांग पूरी नहीं करने पर समाज के लोग आक्रोशित है। इसलिए शुक्रवार को स्कूल के सामने धरना प्रदर्शन किया।

धरना प्रदर्शन के दौरान जिला साहू संघ के अध्यक्ष सुनील कुमार साहू, कोषाध्यक्ष राजाराम साहू, महासचिव दिनेश साहू, सलाहकार भंवर सिंह साहू, संगठन मंत्री कमलेश साहू, लीलाधर साहू, बीरबल साहू, विनोद साहू,सुहेला तहसील अध्यक्ष सरोज साहू,लवन तहसील अध्यक्ष सुशील साहू, महिला प्रकोष्ठ के जिला संयोजक दिव्या साहू, इंद्रजीत साहू, उपाध्यक्ष नारायण साहू, उपाध्यक्ष बुधियारिन साहू, उपाध्यक्ष बिसन साहू एवं परिक्षेत्र के संरक्षक लखन साहू, अध्यक्ष हीरामन साहू, मुरारी साहू,सुहेला परिक्षेत्र के संरक्षक रेवाराम साहू, अध्यक्ष नारायण साहू, मटिया परिक्षेत्र के अध्यक्ष उत्तम साहू, न्याय प्रकोष्ठ बंसी साहू, सचिव नरेश साहू, कोषाध्यक्ष पुनाराम साहू सहित बड़ी संख्या में सामाजिकगण उपस्थित थे।

### मांग पूरी नहीं होने पर उग्र आंदोलन की दी चेतावनी



समाज ने मांग की है कि आरोपी शिक्षक को बर्खास्त किया जाए, साथ ही जिस स्कूल में यह घटना हुई है उसके प्राचार्य पर भी एफआईआर दर्ज की जाए और उसके द्वारा संचालित अन्य 5 स्कूलों की मान्यता रद्द किया जाना चाहिए। समाज के लोगों का कहना है कि मांग पूरी नहीं होने पर उग्र आंदोलन के लिए बाध्य होना पड़ेगा।

## खबर संक्षेप

### खाद्य एवं औषधि टीम ने दुकानों में दी दबिश





**बलौदाबाजार**। बारिश के मौसम में खाद्य जनित बीमारियों की रोकथाम हेतु खाद्य एवं औषधि प्रशासन टीम द्वारा जिले के विभिन्न स्थानों के होटल, ढाबों, होलसेलर, रिटेलर, मिठाई दुकानों में विधिक एवं सर्विलांस नमूना जांच की जा रही है। इसी क्रम में शुक्रवार को 8 प्रतिष्ठानों में दबिश देकर खाद्य पदार्थों की जांच की गई। एक दुकान में जलेबी व बूंदी लड्डु अवमानक पाए जाने पर नष्टीकरण किया गया। खाद्य सुरक्षा अधिकारी उमेश वर्मा ने बताया कि जांच टीम द्वारा विकासखंड बलौदाबाजार अंतर्गत ग्राम अर्जुनी में 8 संस्थानों से 45 खाद्य नमूने जांचे गए, जिसमें से 2 खाद्य पदार्थ बूंदी लडडू और जलेबी अवमानक पाए जाने पर लगभग 4 किलोग्राम जलेबी और 3 किलोग्राम बूंदी लडडू का नष्टीकरण किया गया। उन्होंने बताया कि खाद्य एवं औषधि प्रशासन की टीम द्वारा लगातार खाद्य जांच अभियान चलाया जाएगा, ताकि बरसात के मौसम में अवमानक खाद्य सामग्री के विक्रय पर नियंत्रण लगाई जा सके।

# संदेह में प्रेमिका की हत्या आरोपी गिरफ्तार, चाकू जब्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरोरा

ग्राम बेल्दार सिवनी तोर्रा तालाब के पास खेत में नाबालिग लड़की का शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। ग्रामीणों ने घटना की सूचना पुलिस को दी, जहां मौके पर पहुंची पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच शुरू की। सीसीटीवी खंगालने पर पुलिस को अहम क्लू मिले, जहां आरोप तक पुलिस पहुंची और उसे गोंदिया महाराष्ट्र से गिरफ्तार किया।



पुलिस को 27 जून को सूचना मिली कि ग्राम बेल्दार सिवनी तोर्रा तालाब के पास खेत में मुस्कान धीवर का शव पड़ा है। पुलिस मौके पर पहुंची और जांच पड़ातल कर सीसीटीवी कैमरा खंगाला, जहां आरोपी अपनी बाइक पर युवती को घुमाते हुए दिखाई दिया। पुलिस ने आरोपी की पहचान ग्रामीणों से कराई और उसकी पतासाजी शुरू की तो आरोपी का मोबाइल बंद मिला। वहीं बाइक रेल्वे स्टेशन में मिली। एण्टी क्राईम एण्ड साईबर यूनिट की टीम को आरोपी का लोकेशन गोंदिया महाराष्ट्र में दिखायी दिया, जहां पुलिस की टीम पहुंची और आरोपी को गिरफ्तार किया।

ग्राम सकलोर थाना सुहेला निवासी 20 वर्षीय साहिल पिता राजेश धीवर को प्राप्त साक्ष्यों के आधार पर घटना के संबंध में कड़ाई से पूछताछ करने पर उसके द्वारा हत्या की उक्त घटना को अंजाम देना बताया गया।

पूछताछ में साहिल धीवर ने बताया गया कि वह मृतिका मुस्कान धीवर से प्रेम करता था तथा उसे मृतिका का किसी अन्य से प्रेम प्रसंग होने का शक था, जिस पर घटना को अंजाम देना स्वीकार किया गया। आरोपी साहिल धीवर को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से घटना में प्रयुक्त 1 चाकू एवं 1 दोपहिया वाहन जब्त कर आरोपी के विरूद्ध कार्रवाई की गई।

# सड़क दुर्घटना में बालक की मौत



**सिमगा**। ग्राम किरवई निवासी नेमचंद साहू अपने पड़ोसी बालक तिवंबर साहू 15 वर्ष को निजी कार्य के लिए रायपुर साथ में लेकर गया था कि दोपहर लगभग 1 बजे सिमगा वापसी के समय रायपुर रोड स्थित महिंद्रा ट्रैक्टर शोरूम के सामने डिवाइडर से मोटर साइकिल क्रमांक सीजी 22 यू 3548 टकरा गई, जिससे मोटरसाइकिल में सवार बालक तिवंबर साहू के सिर में गंभीर चोट आई जिसे तत्काल सिमगा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। जहां डाक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया । वहीं मोटर सायकल चालक को मामूली चोट आई है। मृत बालक दामाखेड़ा स्कूल में कक्षा 9 वी का छात्र था। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम के पश्चात परिजनों को सौंप दिया है। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले को विवेचना में लिया है।

श्री शिवम, सेंट्रल इंडिया का सबसे बड़ा फैमिली फैशन स्टोर, पिछले कई वर्षों से फैशन और विश्वास का दूसरा नाम बन चुका है। 7 शहरों में मौजूदगी और हर उम्र व ज़रुरत को समझने वाली कलेक्शन – जैसे कि साड़ी, कुर्ती, रेडीमेड सूट्स, लहंगा और भी अन्य फैशन की वैरायटी – के साथ, हमने अपने ग्राहकों से एक मजबूत रिश्ता बनाया है। हमारा हर स्टोर सिर्फ कपड़ों की दुकान नहीं, बल्कि एक भरोसेमंद फैशन डेस्टिनेशन है – जहाँ हर कदम पर साथ है स्टाइल और साथ है आपका भरोसा।




अब इस रिश्ते को और खास बनाने के लिए हम लेकर आए हैं साल की सबसे बड़ी " TOD PHOD SALE "! देश के टॉप ब्रांड्स पर मिल रहे हैं धमाकेदार ऑफर्स – Buy 1 Get 1 Free, Buy 2 Get 2 Free, और Upto 50% Off तक की छूट, सब एक ही छत के नीचे. चाहे हो Men's Wear, Women's Wear या Kids Wear – अब हर फैशन की ज़रुरत होगी पूरे स्टाइल और बड़ी बचत के साथ पूरी, सिर्फ श्री शिवम पर.



## खबर संक्षेप



### मुख्यमंत्री साय को युवा सम्मेलन के लिए दिया न्योता

**रायपुर।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय से राजधानी रायपुर स्थित मुख्यमंत्री निवास कार्यालय में रजक समाज के प्रतिनिधिमंडल ने सौजन्य भेंट की। मुख्यमंत्री श्री साय को आगामी 20 जुलाई को बिलासपुर में होने वाले राज्य स्तरीय युवा सम्मेलन में बतौर मुख्य अतिथि शामिल होने के लिए आमंत्रित किया। प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री श्री साय से समाज के युवाओं के उत्थान एवं कौशल विकास के लिए विभिन्न पहलुओं पर चर्चा की तथा राज्य सरकार द्वारा समाज के कल्याणार्थ किए जा रहे कार्यों के प्रति आभार व्यक्त किया। मुख्यमंत्री श्री साय ने रजक समाज की एकजुटता और प्रगति की सराहना करते हुए सम्मेलन के सफल आयोजन के लिए शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ रजककार विकास बोर्ड के अध्यक्ष प्रह्लाद रजक उपस्थित थे।

### आईएफएस मयंक संयुक्त सचिव सुशासन अभिसरण

**रायपुर।** आईएफएस मयंक अग्रवाल, डीएफओ कोरबा को सामान्य प्रशासन विभाग में प्रतिनियुक्त पर लेते हुए सुशासन एवं अभिसरण विभाग में संयुक्त सचिव के पद पर पदस्थ करते हुए चीफ आपरेटिंग ऑफिसर चिप्स का अतिरिक्त प्रभारी सौंपा गया है।

### नगर सैनिक के मॉडल आंसर जारी

**रायपुर।** व्यापम द्वारा नगर सैनिक भर्ती परीक्षा के मॉडल आंसर जारी कर दिए गए हैं। व्यापम द्वारा यह परीक्षा 22 जून को आयोजित की गई थी। अभ्यर्थी 8 जुलाई तक दावा आपत्ति पेश कर सकते हैं। स्वयं सेवी नगर सैनिकों के 500 पद तथा महिला नगर सैनिक के 1715 पदों के लिए यह भर्ती परीक्षा आयोजित की गई थी। दावा आपत्ति के लिए प्रति प्रश्न 50 रुपए का भुगतान करना होगा। विस्तृत अधिसूचना व्यापम की आधिकारिक वेबसाइट पर अपलोड कर दी गई है।

### वनाधिकार क्रियान्वयन में छत्तीसगढ़ की अग्रणी भूमिका

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ वन विभाग ने अनुसूचित जनजाति और अन्य परंपरागत वनवासी (वन अधिकारों की मान्यता) अधिनियम, 2006 के तहत व्यक्तिगत और सामुदायिक दोनों प्रकार के वन संसाधन अधिकारों की मान्यता एवं वितरण में देश के अग्रणी राज्यों में रहते हुए सक्रिय, सकारात्मक और सराहनीय भूमिका निभाई है। अब तक प्रदेश में 4,78,641 व्यक्तिगत अधिकार तथा 4,349 सामुदायिक वन संसाधन अधिकार पत्र वितरित किए गए हैं, जिससे कुल 20,06,224 हेक्टेयर क्षेत्र पर कानूनी अधिकार प्रदान कर लाखों वनवासी परिवारों को सशक्त बनाया गया है। यह उपलब्धि प्रदेश की प्रशासनिक प्रतिबद्धता, पारदर्शिता और सतत विकास के प्रति दृढ़ निष्ठा का प्रत्यक्ष प्रमाण है। वन विभाग द्वारा सीएफआरआर क्रियान्वयन के दौरान मॉड्यूल प्रबंधन योजनाओं और दिशा-निर्देशों के अभाव में फील्ड अधिकारियों को केवल एक परामर्श जारी किया गया था, जिसका उद्देश्य यह सुनिश्चित करना था कि सामुदायिक प्रबंधन योजनाएं राष्ट्रीय वर्किंग प्लान कोड, 2023 से वैज्ञानिक रूप से समन्वित हों।

# विरोध के बाद खौली शराब दुकान के लिए एक भी आवेदन नहीं, दोंदे में भी खुलना मुश्किल

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर

रायपुर जिले में शराब की 7 नई दुकानें खोलने आबकारी विभाग के मंसूबों पर पानी फिरता नजर आ रहा है, क्योंकि जिन ग्रामों में ये दुकानें खोलने के लिए निविदा जारी गई हैं, उनमें खौली और दोंदे में शराब दुकान खोले जाने का ग्रामीणों द्वारा जमकर विरोध किया जा रहा है। इस विरोध के कारण निविदा में ग्राम खौली शराब दुकान के लिए एक भी आवेदन नहीं किया गया। विभागीय सूत्र के अनुसार अन्य 6 जगहों पर शराब दुकान खोलने के लिए आवेदन किए गए हैं, लेकिन ग्राम दोंदे में भी ग्रामीणों के विरोध के कारण आवेदक निविदा खुलने की कार्यवाही में शामिल नहीं हुए। इस तरह दोंदे में भी शराब दुकान का खुलना मुश्किल लग रहा है। इधर इस मामले में जिला आबकारी विभाग के अधिकारी का कहना है कि जिन जगहों पर विरोध के कारण आवेदन नहीं आए हैं, उन दुकानों के लिए शासन स्तर पर चर्चा कर निर्णय लिया जाएगा।




### अवैध शराब बिक्री पर रोक लगाने प्रदेश में 67 नई दुकानें खोलने जारी की गई निविदा

अवैध शराब बिक्री पर रोक लगाने के लिए शासन ने प्रदेशभर में 67 नई शराब दुकानें खोलने के लिए निविदा जारी की है। इसमें रायपुर जिले में 7 दुकानें खोलने के लिए निविदा जारी की गई है। ये दुकानें ग्राम भैंसा, समोदा, टेमरी, खौली, पलोद, दोंदेखुर्द एवं नया रायपुर के सेक्टर-29 में खोली जानी है। इन दुकानों के लिए आवेदन आज अपरान्ह 3 बजे तक किया जाना था। आवेदन का समय खत्म होने के एक घंटे बाद शाम 4 बजे निविदा खोली गई। इसमें ग्राम खौली के लिए एक भी आवेदन नहीं मिला। इसका कारण ग्राम खौली के ग्रामीणों द्वारा शराब दुकान को लेकर किया जा रहा विरोध है। सरपंच, अन्य पदाधिकारियों सहित गांव के लोग शराब दुकान के विरोध में लगातार धरना-प्रदर्शन कर रहे हैं, वहीं शासकीय स्कूल में पढ़ने वाले बच्चों को उनके पालक शराब दुकान के निरस्त होने तक स्कूल भेजना बंद कर दिए हैं। इस विरोध को देखते हुए गांव में प्रस्तावित शराब दुकान खोलने के लिए किसी ने भी रूचि नहीं दिखाई।

### दोंदेखुर्द में भी मशाल रैली सहित प्रदर्शन कर चुके ग्रामीण

दोंदेखुर्द में भी नई शराब दुकान प्रस्तावित है, लेकिन इस गांव के लोग इसका जमकर विरोध कर रहे हैं। ग्रामीणों ने दुकान के विरोध में मशाल रैली, प्रदर्शन भी कर चुके हैं। विभागीय सूत्रों के अनुसार इस गांव में शराब दुकान खोलने के लिए एक आवेदन किया गया था, लेकिन विरोध के कारण अब वह भी पीछे हट गया है। इस तरह दोंदे में भी शराब दुकान खोलना विभाग के लिए चुनौती से कम नहीं होगा।

### विरोध वाली दुकानों पर शासन लेगा निर्णय

जिन दुकानों का विरोध हो रहा है, उन दुकानों पर शासन स्तर पर चर्चा कर निर्णय लिया जाएगा। शासन से जो निर्देश मिलेंगे, उसके अनुसार कार्यवाही की जाएगी।

- रामकृष्ण मिश्रा
उपायुक्त, आबकारी रायपुर

## मुख्यमंत्री का विजन- विकसित छत्तीसगढ़ 2047 के लिए डिजिटल क्रांति को नई गति देने पर बल

# राज्य में समयसीमा के भीतर 5000 से अधिक मोबाइल टॉवर लगाने का लक्ष्य

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कहा, विकसित भारत 2047 के साथ विकसित छत्तीसगढ़ 2047 के लक्ष्यों को पूर्ण करने एवं सहज, सरल, त्वरित और पारदर्शिता के साथ सुचारू शासन की दिशा में इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी का महत्वपूर्ण योगदान है। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्रदेश के दूरस्थ क्षेत्रों, विशेष रूप से बस्तर एवं सरगुजा संभागों में नए मोबाइल टॉवर लगाने तथा फाइबर नेटवर्क लाइन बिछाने जैसे कार्यों में तेजी लाई जाए। आने वाले समय में राज्य में समय सीमा के भीतर चरणबद्ध रूप से 5,000 से अधिक मोबाइल टॉवर लगाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।

मुख्यमंत्री ने मंत्रालय में इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी विभाग की समीक्षा बैठक ली। उन्होंने कहा, ई-डिस्ट्रिक्ट 2.0 के माध्यम से वर्तमान में विभिन्न विभागों की 85 ऑनलाइन सेवाओं का विस्तार करते हुए 250 अन्य ऑफलाइन सेवाओं को भी ऑनलाइन सेवाओं में तब्दील किया जाएगा। उन्होंने कहा, यदि योजनाओं का लाभ लोगों को घर बैठे ही ऑनलाइन प्राप्त होगा, तो इससे समय की बचत होगी तथा कार्यालय आने-जाने में होने वाला खर्च भी कम होगा। साथ ही टीयर-थ्री के अनुरूप स्टेट डाटा सेंटर को अपग्रेड करने की भी बात कही गई।



### इन योजनाओं की प्रगति की ली जानकारी

मुख्यमंत्री ने बैठक में प्रदेश में विभाग द्वारा संचालित प्रमुख परियोजनाओं अटल मॉनिटरिंग पोर्टल, नियद नेल्लानार एवं एलडब्ल्यूई सैचुरेशन डैशबोर्ड, भारतनेट फेस-2, छत्तीसगढ़ स्टेट डाटा सेंटर, आधार एनरोलमेंट इन-हाउस मॉडल, ई-डिस्ट्रिक्ट 2.0, सीजी स्वान, ई-प्रोक्योरमेंट तथा कैपेसिटी बिल्डिंग सहित अन्य योजनाओं की प्रगति की जानकारी ली।

### वाई-फाई मंत्रालय योजना तथा ई-डिस्ट्रिक पोर्टल शुरू

प्रमुख सचिव निहारिका बारिक ने विगत सवा साल में विभाग द्वारा अर्जित महत्वपूर्ण उपलब्धियों का विवरण प्रस्तुत किया। उन्होंने बताया कि विगत 4 वर्षों से लंबित डाटा सेंटर के अपग्रेडेशन की निविदा प्रक्रिया पूर्ण की गई, खनिज 2.0 पोर्टल का गो लाइव किया गया, वाई-फाई मंत्रालय योजना तथा ई-डिस्ट्रिक्ट पोर्टल सफलतापूर्वक शुरू हुए। इसके साथ ही भारतनेट फेज-2 परियोजना का प्रस्ताव भारत सरकार को प्रेषित किया गया एवं अटल मॉनिटरिंग पोर्टल डैशबोर्ड का निर्माण कर 19 विभागों की 100 योजनाओं के केपीआई इसमें प्रदर्शित किए गए हैं।

### रायपुर में स्थापित होगा अत्याधुनिक बायोटेक इंक्यूबेशन सेंटर

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के दूरदर्शी नेतृत्व में छत्तीसगढ़ राज्य जैव प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि की ओर अग्रसर हो रहा है। भारत सरकार एवं राज्य शासन के सहयोग से रायपुर में जैव प्रौद्योगिकी पार्क परियोजना की स्थापना की जा रही है। इस परियोजना के प्रथम चरण के अंतर्गत इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय परिसर में अत्याधुनिक बायोटेक इंक्यूबेशन सेंटर का निर्माण किया जाएगा। सेंटर की स्थापना के लिए भारत सरकार, राज्य शासन एवं इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय के मध्य त्रिपक्षीय अनुबंध पर हस्ताक्षर किए गए हैं। परियोजना की क्रियान्वयन एजेंसी कृषि एवं जैव प्रौद्योगिकी विभाग के अधीन छत्तीसगढ़ जैव प्रौद्योगिकी प्रोत्साहन सोसाइटी है। बायोटेक इंक्यूबेशन सेंटर का मुख्य उद्देश्य राज्य में जैव संसाधनों के दोहन के साथ-साथ नवाचार और स्टार्टअप संस्कृति को बढ़ावा देना है। यहां युवाओं को जैव प्रौद्योगिकी आधारित उद्योगों की स्थापना के लिए प्रशिक्षण, तकनीकी सहायता एवं बुनियादी सुविधाएं प्रदान की जाएंगी।

#### 23 आधुनिक प्रयोगशाला स्थापित होंगी

इंक्युबेशन सेंटर में कुल 23 आधुनिक प्रयोगशालाएं स्थापित की जाएंगी, जिनमें बीएस-4 स्तर की जैव सुरक्षा सुविधाएं उपलब्ध होंगी। साथ ही दो सेंट्रल इंस्ट्रूमेंटेशन एवं एनालिटिकल टेस्टिंग लैब की भी स्थापना की जा रही है। छत्तीसगढ़ जैव प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में एक अग्रणी राज्य के रूप में उभरेगा। इससे जहां एक ओर शोध और उद्योगों के बीच समन्वय स्थापित होगा, वहीं दूसरी ओर रोजगार और उद्यमिता के नए द्वार खुलेंगे।

**17 सूक्ष्म एवं लघु और 6 बड़े उद्योग का होगा संचालन**

इंक्युबेशन सेंटर में 17 सूक्ष्म एवं लघु और 6 वृहद उद्योगों के संचालन की व्यवस्था की जाएगी। कुल 23 स्टार्टअप कंपनियों के लिए कार्यालय स्थापित किए जाएंगे, जो तीन वर्षों तक सेंटर में कार्यरत रह सकेंगी। कृषि और फार्मा बायोटेक्नोलॉजी से संबंधित स्टार्टअप को विशेष प्राथमिकता दी जाएगी। बायोटेक इंक्युबेशन सेंटर के निर्माण एवं फर्निशिंग कार्य के लिए 20 करोड़ 55 लाख रुपये की द्वितीय पुनरीक्षित प्रशासकीय स्वीकृति भी प्रदान की गई है।

## मैदानी क्षेत्रों में कम बारिश से बोनी प्रभावित, किसान नहीं लगा पाए रोपा

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर

छत्तीसगढ़ में मानसून के आगमन के साथ ही खेती-किसानी का काम जोरों पर शुरू हो गया है। 2 जुलाई तक तक प्रदेश में 170 मिमी से अधिक औसत वर्षा दर्ज की गई है, जो राज्य की औसत वार्षिक वर्षा 1238.7 मिमी का हिस्सा है। बारिश ने किसानों को खेतों में काम शुरू करने के लिए प्रेरित किया है। वहीं कई जिलों में बारिश की गतिविधि में कमी के कारण बुआई तो हुई है पर किसान अब तक रोपा नहीं लगा पाए। अच्छी बारिश होने पर किसान खेतों में पानी भरने पर रोपा का काम शुरू करेंगे। महासमुंद जिले के कई ब्लॉक, बलौदाबाजार, बेमेतरा, दुर्ग, रायपुर जिले के कई ब्लॉकों में किसानों को अच्छी बारिश का इंतजार है।

बताया गया है कि आने वाने दिनों में बारिश की गतिविधि बढ़ने के साथ बुआई में भी तेजी आएगी। राज्य शासन की ओर से किसानों को खाद और बीज उपलब्ध कराए जा रहे हैं। कृषि विभाग ने खरीफ 2025 के लिए 4.95 लाख क्विंटल प्रमाणित बीज वितरण का लक्ष्य रखा है। अब तक 6 लाख क्विंटल बीज का भंडारण किया गया है, जिसमें से 3.68 लाख क्विंटल बीज किसानों को वितरित किए जा चुके हैं। यह मांग का 74 प्रतिशत है। पिछले साल खरीफ 2024 में 4.64 लाख क्विंटल बीज वितरित किए गए थे। इसी तरह उर्वरक वितरण का लक्ष्य 14.62 लाख मीट्रिक टन निर्धारित किया गया है। इसके तहत 11.36 लाख मीट्रिक टन उर्वरक सहकारी और निजी क्षेत्रों में भंडारित किए गए हैं, जिनमें से 6.58 लाख मीट्रिक टन उर्वरक किसानों को दिए जा चुके हैं। यह लक्ष्य का 45 प्रतिशत है।



**सरकार के निर्देश** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कहा, किसानों को उनकी मांग के अनुसार खाद-बीज सुगमता से उपलब्ध कराने के लिए सभी जरूरी कदम उठाए जाएं। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि खाद-बीज वितरण में किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और सोसायटियों में पर्याप्त भंडारण सुनिश्चित किया जाए। कृषि विकास एवं किसान कल्याण मंत्री रामविचार नेताम के मार्गदर्शन में विभाग इस पर निगरानी रख रहा है।

**किसानों की तैयारी :** प्रदेश के किसान मानसून की बारिश का लाभ उठाकर धान, मक्का, और अन्य फसलों की बोनी में जुटे हैं। कृषि विभाग के अनुसार बोनी का रकबा लगातार बढ़ रहा है, और मौसम अनुकूल रहने पर लक्ष्य को समय पर हासिल किया जा सकता है। किसानों का कहना है कि समय पर खाद-बीज की उपलब्धता उनकी फसल की गुणवत्ता और उत्पादन के लिए महत्वपूर्ण है।

## आबकारी आरक्षक परीक्षा में गड़बड़ी पर बृजमोहन ने व्यापम अध्यक्ष को लिखा पत्र

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर

आबकारी आरक्षक परीक्षा 2025 में गड़बड़ी पर रायपुर सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मंडल (व्यापम) की अध्यक्ष रेणु पिल्ले को पत्र लिखकर तत्काल संज्ञान लेने की मांग की है। यह मामला आबकारी आरक्षक भर्ती परीक्षा 2025 से जुड़ा है, जिसके लिए 4 जून से 27 जून तक ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया चलाई गई थी और परीक्षा का आयोजन 27 जुलाई को 200 पदों के लिए प्रस्तावित है। प्रदेशभर से बड़ी संख्या में ऐसे अभ्यर्थी सामने आए हैं, जिन्होंने समय सीमा के भीतर परीक्षा शुल्क का सफलतापूर्वक भुगतान तो कर दिया, लेकिन व्यापम की तकनीकी विफलता यानी सर्वर की त्रुटि के कारण उनका फॉर्म अंतिम रूप से सबमिट नहीं हो सका। सबसे चिंताजनक बात यह है कि इन अभ्यर्थियों की शिकायतों को व्यापम कार्यालय द्वारा न तो स्वीकार किया जा रहा है और न ही कोई अधिकारी उनकी सुनवाई कर रहा है। इससे आहत अभ्यर्थियों ने सांसद श्री अग्रवाल से संपर्क कर न्याय की गुहार लगाई। श्री अग्रवाल ने इस पूरे घटनाक्रम को छत्तीसगढ़ में सुशासन तिहार की भावना और नागरिक-केन्द्रित शासन व्यवस्था के विरुद्ध बताया है। उन्होंने व्यापम अध्यक्ष से स्पष्ट रूप से कहा है कि, जो अभ्यर्थी शुल्क का भुगतान कर चुके हैं, उन्हें परीक्षा से वंचित करना न्यायसंगत नहीं है। ऐसे अभ्यर्थियों को एक या दो दिन का अतिरिक्त अवसर देकर फॉर्म ऑफलाइन या ऑनलाइन पूरा करने की सुविधा तत्काल दी जाए।



## कांग्रेस बोली- नीति आयोग ने खोली भाजपा सरकार की पोल

**रायपुर।** नीति आयोग की रिपोर्ट जारी कर छत्तीसगढ़ को गरीबी के मामले में देश में अव्वल दर्जा देने को भाजपा सरकार का रिपोर्ट कार्ड करार देते हुए प्रदेश कांग्रेस के वरिष्ठ प्रवक्ता धनंजय सिंह ठाकुर ने कहा, नीति आयोग की रिपोर्ट से भाजपा सरकार के सुशासन विकास के दावों की पोल खुल गई। गरीबी के मामले में छत्तीसगढ़ देश में अव्वल है। प्रदेश में 39 प्रतिशत से अधिक लोग गरीबी रेखा के नीचे जीवन यापन करने मजबूर हैं। 2015-16 में प्रदेश में गरीबी रेखा के नीचे जीवन यापन करने वालों की संख्या 30 प्रतिशत से अधिक थी, कांग्रेस सरकार के दौरान नीति आयोग ने रिपोर्ट में 40 लाख से अधिक लोगों का जीवन सुधरने का आंकड़े जारी किया था। नीति आयोग ने अगस्त 2023 में रिपोर्ट जारी कर प्रदेश में 10 प्रतिशत गरीबी रेखा का आंकड़ा बताया था। प्रदेश कांग्रेस के वरिष्ठ प्रवक्ता धनंजय सिंह ठाकुर ने कहा, नीति आयोग की रिपोर्ट से स्पष्ट हो गया है कि प्रदेश की सरकार रोजगार, स्वास्थ्य की सुविधा, महंगाई से राहत देने में, लोगों की आय बढ़ाने में असफल हो गई है। यही कारण है, अगस्त 2023 में जहां प्रदेश में 10 प्रतिशत लोग गरीबी रेखा के नीचे जीवन यापन कर रहे थे, वह 2025 में बढ़कर 39 प्रतिशत से अधिक हो गया है, जो राष्ट्रीय औसत 21 प्रतिशत से दोगुना के करीब है। 17 महीने में भाजपा की सरकार ने प्रदेश को बदहाल कर दिया।



# राज्य सरकार ने डीएपी की कमी दूर करने पुख्ता वैकल्पिक व्यवस्था की

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर

देश में डीएपी खाद के आयात में कमी के चलते चालू खरीफ सीजन में राज्य में डीएपी की आपूर्ति प्रभावित होने का वैकल्पिक मार्ग छत्तीसगढ़ सरकार ने निकाल लिया है। किसानों को डीएपी खाद की किल्लत के चलते परेशान होने की जरूरत नहीं है। डीएपी के बदले किसानों को भरपूर मात्रा में इसके विकल्प के रूप में एनपीके और एसएसपी खाद की उपलब्धता सोसायटियों के माध्यम सुनिश्चित की जा रही है। डीएपी की कमी को पूरा करने के लिए छत्तीसगढ़ सरकार ने एनपीके (20:20:013) और एनपीके (12:32:13) के वितरण लक्ष्य में 3.10 लाख मीट्रिक टन तथा एसएसपी के वितरण लक्ष्य में 1.80 लाख मीट्रिक टन की वृद्धि करने के साथ ही इसके भण्डारण एवं वितरण की भी पुख्ता व्यवस्था सुनिश्चित की है। एनपीके और एसएसपी के लक्ष्य में वृद्धि होने के कारण चालू खरीफ सीजन में विभिन्न प्रकार के रासायनिक उर्वरकों का वितरण लक्ष्य 14.62 लाख मीट्रिक टन से 17.18 लाख मीट्रिक टन हो गया है।



### किसानों को परेशान होने की जरूरत नहीं

मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने कहा है कि डीएपी खाद की कमी को लेकर किसानों को परेशान होने की जरूरत नहीं है। इसके विकल्प के रूप में छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा अन्य रासायनिक उर्वरक जैसे-एनपीके और एसएसपी की भरपूर व्यवस्था सुनिश्चित की गई है। इंदिरा कृषि विश्वविद्यालय के कृषि वैज्ञानिकों और कृषि विभाग के अधिकारियों के सुझाव के अनुरूप किसान डीएपी के बदले उक्त उर्वरकों का प्रयोग कर बेहतर उत्पादन प्राप्त कर सकते हैं। सोसायटियों से किसानों को उनकी डिमांड के अनुसार खाद-बीज की उपलब्धता सुनिश्चित हो, इस पर कड़ी निगाह रखी जा रही है। किसानों की समस्याओं का समाधान सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है।

कृषि विभाग के अनुसार, खरीफ-2025 में किसानों को विभिन्न प्रकार के रासायनिक उर्वरकों की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए 12.13 लाख मीट्रिक टन उर्वरकों का भण्डारण कराया गया है, जिसमें से 7.29 लाख मीट्रिक टन का वितरण किसानों को किया जा चुका है। राज्य में वर्तमान में सहकारी और निजी क्षेत्र में 4.84 लाख मीट्रिक टन खाद वितरण के लिए उपलब्ध है।

## सभी निगम, पालिका, नगर पंचायत को आदेश जारी

# कॉलोनाइजर-बिल्डर न कचरा प्रबंधन कर रहे, न वॉटर ट्रीटमेंट

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर

छत्तीसगढ़ में कॉलोनाइजर और बिल्डर सरकार से अपने प्रोजेक्ट के लिए जिस एक्ट के तहत अनुमति ले रहे हैं, उसका पूरा पालन नहीं कर रहे हैं। इन लोगों को अपनी कॉलोनियों में ठोस अपशिष्ट प्रबंधन एवं अशुद्ध जल के संग्रहण, उपचार एवं पुनर्चक्रण की व्यवस्था भी करनी है, लेकिन ये लोग ये काम नहीं कर रहे हैं। सरकार ने साफ किया है कि ये स्थिति पूरी तरह अस्वीकार्य है। लिहाजा अब इन मकान निर्माता कारोबारियों पर सरकार कार्रवाई के लिए तैयार हो गई है।

इस संबंध में नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग ने राज्य के सभी नगरीय निकायों नगर निगमों के आयुक्त, पालिकाओं और नगर पंचायतों के सीएमओ को आदेश जारी किया है। कहा गया है कि निकाय क्षेत्रान्तर्गत स्थित समस्त आवासीय व्यावसायिक परिसरों में ठोस अपशिष्ट प्रबंधन एवं उपयोगित जल के संग्रहण, उपचार एवं पुनर्चक्रण (वाटर ट्रीटमेंट- रीसायकिलिंग) कराये जाने के लिए सभी आवश्यक कार्यवाही की जाये। अन्यथा की स्थिति में संबंधित आवासीय व्यावसायिक परिसरों के विरूद्ध प्रचलित नियमों में उल्लेखित दण्डात्मक प्रावधानों के अनुसार कार्यवाही किया जाये।




### इसलिए जारी हुआ निर्देश

दरअसल शासन के संज्ञान में यह तथ्य आया है कि, बहुतायत नगरीय निकायों में कॉलोनाईजर बिल्डरों द्वारा निर्मित आवासीय व्यावसायिक परिसरों में एक्ट के प्रावधानों का पालन नहीं किया गया है अथवा ठोस अपशिष्ट प्रबंधन एवं उपयोगित जल उपचार एवं पुनर्चक्रण का कार्य नहीं किया जा रहा है। सरकार का कहना है कि यह स्थिति पूरी तरह अस्वीकार्य है।

### इस नियम से मिलती है कॉलोनाइजर बिल्डर को अनुमति

छ.ग. नगर पालिक निगम अधिनियम, 1956 तथा छ.ग. नगर पालिका (कॉलोनाइजर का रजिस्ट्रेशन, निर्बंधन तथा शर्तें) नियम, 2013 के अधीन तथा अन्य सुसंगत नियमों अधिनियमों के अध्यधीन निकायों द्वारा कॉलोनाईजर बिल्डरों को आवासीय व्यावसायिक परिसरों के निर्माण हेतु जारी किये जा रहे अनुमति की शर्तों के अनुरूप संबंधित परिसरों में ठोस अपशिष्ट प्रबंधन एवं उपयोगित जल के संग्रहण, उपचार एवं पुनर्चक्रण के लिए सशर्त स्वीकृति संबंधित कॉलोनाईजर बिल्डर को प्रदान की जा जाती है। इसमें शामिल है कि सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट का प्रावधान तथा निर्धारित मानकों एवं प्रावधानित नियमों के अनुरूप जल का पुनर्चक्रीकरण किया जाना। ठोस अपशिष्ट (गारबेज) को एकत्रित करने हेतु परिसर में पर्याप्त सुविधा उपलब्ध कराना तथा उसको वैज्ञानिक विधि से निपटान करना एवं ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम, 2016 में दिये गए प्रावधानों अनुसार कॉलोनी परिसर में ठोस अपशिष्ट प्रबंधन की व्यवस्था करनी होगी। इस नियम के हिसाब से कॉलोनाईजर, बिल्डर द्वारा निर्मित आवासीय व्यावसायिक परिसरों में ठोस अपशिष्ट प्रबंधन एवं उपयोगित जल के संग्रहण, उपचार एवं पुनर्चक्रण की समुचित व्यवस्था की संपूर्ण जिम्मेदारी संबंधित कॉलोनाईजर बिल्डर तथा हैण्डओवर की स्थिति में रहवासी कल्याण संघ की तय है।

# किसानों को कांग्रेस ने आर्थिक रूप से किया मजबूत, अब खाद के लिए भटक रहे अन्नदाता




हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर

प्रदेश कांग्रेस कमेटी 7 जुलाई को आयोजित किसान, जवान, संविधान जनसभा की तैयारियों में जुटी है। इस सिलसिले में प्रदेश के पूर्व मंत्री व वरिष्ठ नेता मोहम्मद अकबर ने बलौदाबाजार जाकर कांग्रेस जनों की बैठक ली, जिसमें बड़ी संख्या में विधायक, पूर्व विधायक, कांग्रेस पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थिति हुए। बैठक में निर्णय लिया गया कि 7 जुलाई की सभा में बलौदाबाजार से अधिक से अधिक लोग जाएंगे। मोहम्मद अकबर ने बताया कि छत्तीसगढ़ के किसानों की आर्थिक स्थिति को मजबूत करने वर्ष 2003 धान खरीदी के लिए कांग्रेस सरकार ने धान उपार्जन नीति बनाई। कांग्रेस सरकार के समय बनी धान उपार्जन नीति आज तक चल रही है। उन्होंने कहा कि भाजपा की सरकार में किसानों की खाद उपलब्ध नहीं हो पा रहा है। यूरिया और डीएपी खाद की कालाबाजारी हो रही है जिससे किसान कठिनाई में है।

### संविधान ने समानता का अधिकार दिया

उन्होंने बताया कि संविधान ने देश के सभी नागरिकों को समानता का अधिकार दिया है, लेकिन कहीं धर्म तो कहीं जाति, भाषा, क्षेत्र के नाम पर भेदभाव उत्पीड़न किया जा रहा। इससे जगह-जगह विवाद की स्थिति उत्पन्न हो रही। संविधान सुरक्षित रहेगा तो लोग सुरक्षित रहेंगे, इसीलिए संविधान की सुरक्षा सर्वोपरि है।

# खबर संक्षेप



## पुलिस के दुर्व्यवहार की शिकायत अब मंत्री तक पहुंची

**बलौदाबाजार**। जिला मुख्यालय के सिटी कोतवाली में लम्बे समय से पदस्थ पुलिस के विरुद्ध बलौदाबाजार प्रेस क्लब के प्रतिनिधिमंडल ने रायपुर पहुंचकर पूर्व मुख्यमंत्री एवं विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह, राजस्व एवं आपदा प्रबंधन मंत्री टंकराम वर्मा, छत्तीसगढ़ पुलिस महानिरीक्षक रायपुर रेंज अमरेश मिश्रा से मुलाकात की तथा मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, गृहमंत्री विजय शर्मा एवं रायपुर लोकसभा सांसद बृजमोहन अग्रवाल को ज्ञापन सौंपा। प्रतिनिधिमंडल ने पुलिस के विरुद्ध अनुशासनहीनता, पद के दुरुपयोग और आम नागरिकों व पत्रकारों के साथ दुर्व्यवहार के गंभीर आरोपों की विस्तृत जानकारी देते हुए एक लिखित ज्ञापन सौंपा और निष्पक्ष जांच व कठोर कार्रवाई की मांग की। अनुशासनहीनता एवं तानाशाही व्यवहार के आरोप-ज्ञापन में स्पष्ट उल्लेख किया गया है कि पुलिस का व्यवहार पूरी तरह तानाशाहीपूर्ण हो गया है। वे आम नागरिकों से असभ्य भाषा में बात करते हैं और पत्रकारों को उनके कार्य में बाधा डालते हुए मानसिक रूप से प्रताड़ित करते हैं। कई बार लोगों ने शिकायत आती रहती है कि थाना परिसर में आने पर उनसे दुर्व्यवहार किया गया और उनकी बातों को गंभीरता से नहीं सुना गया। यह व्यवहार पुलिस की सेवा भावना एवं जनसंपर्क नीति के विपरीत है, जिससे आम लोगों में भय का माहौल उत्पन्न हो गया है।

## विनोद पटेल को दी श्रद्धांजलि



बलौदाबाजार। पुरानी बस्ती वार्ड 8 निवासी विनोद पिता राघव राम पटेल के निधन पर नगर पालिका अध्यक्ष अशोक जैन ने शोक संवेदना व्यक्त करते हुए निवास स्थान पहुंचे और श्रद्धांजलि अर्पित की। वे पूर्व मंडल अध्यक्ष संतोष पटेल एवं पार्षद सतीश पटेल के चचेरे भाई थे। शोक संवेदना व्यक्त करने के दौरान उपाध्यक्ष जितेंद्र महले, पार्षद कन्हैया सेन, जितेंद्र डड़सेना, हरजीत सिंह सलूजा, आदित्य गुप्ता, शेखर गुप्ता, सहित समाज व परिवार के लोग उपस्थित थे।

## विवेकानंद की पुण्यतिथि पर दी गई श्रद्धांजलि

**महासमुंद**। ग्राम खरोरा में भारत देश के गुरु एवं युवाओं के प्रेरणास्रोत का संदेश देने वाले स्वामी विवेकानंद पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस दौरान मितानिन कौशल्या चंद्राकर, भारती चंद्राकर दामिनी चंद्राकर, रुपेश चंद्राकर, भूषण चंद्राकर, जिगर चंद्राकर, कौशल्या चंद्राकर ने कहा कि स्वामी विवेकानंद ने भारतीय युवाओं के लिए प्रेरणा थे। और युवाओं को आत्मविश्वास और सांस्कृतिक गर्व का संदेश दिय था। स्वामी ने आज भी लोगों को प्रेरित करते है।

## नपाध्यक्ष की नाराजगी के बाद चौड़ीकरण के लिए खोदे गड्ढों को किया गया समतल

**महासमुंद**। बीटीआई मार्ग चौड़ीकरण कार्य में अनावश्यक विलंब तथा लापरवाही को लेकर पालिका अध्यक्ष निखिलकांत साहू ने लोक निर्माण विभाग के कार्यपालन अभियंता से मुलाकात कर कार्य में गति लाने तथा गड्ढों के समतलीकरण करने की बात कही थी।

## निधन

### मानकर सिंह ठाकुर



**पलारी**। चरौदा निवासी मानकर सिंह ठाकुर 77 वर्ष का निधन गुरुवार को हो गया है, जिनका अन्तिम संस्कार गृहग्राम चरौदा के मुक्तिधाम में किया गया। इस दौरान बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिकों ने उपस्थिति होकर श्रद्धांजलि अर्पित की। वे रामकली ठाकुर के पति और हीरा ठाकुर शिक्षिका, श्वेता ठाकुर, राजा ठाकुर के पिता थे ।

# नलवा सीमेंट प्रोजेक्ट की जनसुनवाई का विरोध करेंगे ग्रामीण

## जनसुनवाई के दिन सामूहिक आत्मदाह की चेतानी दी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरोरा

नलवा सीमेंट लाइमस्टोन माइनिंग प्रोजेक्ट की गुपचुप जनसुनवाई की तैयारी जारी है। इस पर ग्रामीणों ने चेताया कि जनसुनवाई हुई तो बड़ी अनहोनी हो सकती है। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि जनप्रतिनिधि कंपनी की दलाली कर रहे। घर में सरपंचों को बुलाया जा रहा है। किसानों ने इसका विरोध करते हुए कंपनी की जनसुनवाई के दिन सामूहिक आत्मदाह की चेतानी दी है। ग्रामीणों ने मानना है कि नलवा सीमेंट लिमिटेड के माइनिंग प्रोजेक्ट से ग्रामीणों का जीवन प्रभावित होगा।

विदित हो कि नगर समीप ग्राम पचरी, छड़ियां, मंधईपुर, आलेसुर में विकास के नाम पर प्रकृति के साथ हो रहे खिलवाड़ की स्थिति चिंताजनक है। नलवा सीमेंट द्वारा मंधईपुर में प्रस्तावित लाइमस्टोन माइनिंग प्रोजेक्ट के कारण स्थानीय पर्यावरण पर गंभीर प्रभाव पड़ने की संभावना है। इस परियोजना के चलते गांव का वातावरण प्रदूषित होने का खतरा बढ़ गया है, जिससे न केवल प्राकृतिक सौंदर्य में कमी आएगी, बल्कि ग्रामीणों के स्वास्थ्य पर भी नकारात्मक असर पड़ सकता है। ऐसे विकास कार्यों के कारण स्थानीय निवासियों के लिए पेयजल की समस्या भी उत्पन्न हो सकती है। लगातार भूजल स्तर में गिरावट आ रही है और साथ ही पानी की गुणवत्ता भी बिगड़ रही है।



### संयत्र लगने से कठिनाइयों का सामना करना पड़ेगा

इसके चलते ग्रामीणों को साफ और सुरक्षित पेयजल प्राप्त करने में कठिनाई हो रही है। पेड़-पौधों की अंधाधुंध कटाई से न केवल जैव विविधता को नुकसान होगा, बल्कि यह क्षेत्र की पारिस्थितिकी को भी गंभीर रूप से प्रभावित करेगा। इस परियोजना के आसपास प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत निर्मित एकल सड़क है, जो खराब स्थिति में जाने की प्रबल संभावना है। खदान की गाड़ियां लगातार इस सड़क पर सरपट दौड़ेगी। इसके कारण सड़क खराब होने से आवागमन में बाधा उत्पन्न हो सकती है। इसका प्रभाव ग्रामीणों के दैनिक जीवन में सीधा पड़ेगा। ग्रामीणों को कई तरह की कठिनाइयों का सामना करना पड़ेगा।

## विरोध : आंदोलन में स्थानीय युवाओं को रोजगार देने की मांग

# श्री सीमेंट से ग्रामीणों ने मांगा रोजगार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सुहेला





श्री सीमेंट प्लांट ख़पराडीह के मुख्य द्वार पर स्थानीय ग्रामीणों ने धरना प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों की मुख्य मांग है कि प्लांट में स्थानीय युवाओं को प्राथमिकता के आधार पर रोजगार दिया जाए। ग्रामीणों का आरोप है कि प्लांट प्रबंधन पिछले कई वर्षों से केवल आश्वासन देता आ रहा है, लेकिन अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया। प्रदर्शनकारियों का कहना है कि सीमेंट प्लांट को स्थापित हुए 15 वर्ष हो चुके हैं, लेकिन इसके बावजूद न तो गांव का विकास हुआ है और न ही स्थानीय युवाओं को रोज़गार मिला है। इस कारण पढ़े-लिखे युवा अन्य राज्यों में मजदूरी करने को मजबूर हैं।

स्थानीय युवाओं को प्राथमिकता के आधार पर नौकरी, प्लांट प्रबंधन द्वारा पूर्व में किए गए वादों का शीघ्र क्रियान्वयन, क्षेत्र की बुनियादी समस्याओं का समाधान, प्रदर्शन में शामिल ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि जब तक उनकी मांगों पर ठोस कार्रवाई नहीं होती, आंदोलन अनिश्चितकालीन जारी रहेगा।

ग्राम पंचायत चंडी सरपंच सत्यभामा विनोद बंछोर ने बताया रोजगार के मुद्दे के लिए धरना प्रदर्शन कर रहे हैं हमारा गांव श्री सीमेंट का आश्रित ग्राम है 15 साल से हमारे गांव का एक भी मांग पूरा नहीं हुआ है हमारे गांव के युवा बेरोजगार घूम रहे हैं हमारे माता के लिए कोई सुविधा नहीं है जैसे स्वास्थ्य केंद्र सीसी रोड महिलाओं को कोई सुविधा नहीं दिया गया है जब तक हमारे मांग पूरा नहीं होगा तब तक प्रदर्शन चलता रहेगा। एस डी एम सिमगा अंशुल वर्मा ने बताया कि 7 बिंदुओं पर उनके द्वारा बात रखी गई थी और फिर दोनों के बीच में बैठकर के बातचीत हुईं तो सब शॉर्टआउट हो गया विशेष मुद्दा रोजगार को लेकर सी एस आर में काम देने के लिए लेकर था ।

## संयंत्र में ठेका श्रमिकों के लिए हुआ वेतन समझौता

**बलौदाबाजार**। श्री रायपुर सीमेंट प्लांट खपराडीह में कार्यरत ठेका श्रमिकों के लिए एक ऐतिहासिक वेतन समझौता सम्पन्न हुआ है। यह वेतन समझौता आगामी पांच वर्षों 1 अप्रैल 2025 से 30 मार्च 2030 तक प्रभावी रहेगा। इसके तहत टेक्निकल और नॉन-टेक्निकल ठेका श्रमिकों को औसतन क्रमशः 11,180 रुपये और 10,530 रुपये वेतनवृद्धि प्राप्त होगी।

■ श्रमिकों में खुशी की लहर, पांच वर्षों के लिया लागू हुआ



वेतन वृद्धि का विवरणः टेक्निकल श्रमिकों को 85 प्रतिदिन की दर से मासिक 2,210 और वार्षिक 26,520 की वृद्धि होगी। नॉन-टेक्निकल श्रमिकों को 80 प्रतिदिन की दर से मासिक 2,080 और वार्षिक 24,960 की वृद्धि दी जाएगी। पांचवें वर्ष में यह दर और बढ़ेगीः- टेक्निकल श्रमिकों को 90 प्रतिदिन, मासिक 2,340 की वृद्धि, नॉन-टेक्निकल श्रमिकों को 85 प्रतिदिन, मासिक 2,210 की वृद्धि। यह अब तक का सबसे बड़ा वेतन समझौता माना जा रहा है, जिसने ठेका श्रमिकों के भविष्य को आर्थिक रूप से और भी सुदृढ़ किया है।

## नपा अध्यक्ष ने नवपदस्थ सीएमओ का किया अभिनंदन






हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

नगर पालिका में नव पदस्थ मुख्य नगर पालिका अधिकारी आशीष तिवारी ने पदभार ग्रहण किया एवं खिरोद्र भोई मुख्य नगरपालिका अधिकारी के विदाई दी गई। इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष अशोक जैन द्वारा शाल श्रीफल भेंट कर नवपदस्थ आशीष तिवारी का अभिनंदन एवं खिरोद्र भोई को विदाई दी। उन्होंने नगर में विकास कार्यों को एक जूटता के साथ किए जाने की बात कही गई, नगर पालिका के पार्षद गणों का पूरा सहयोग व शासन के मंशा के अनुरूप कार्य कर शासन की योजनाओं का लाभ आम जनता को मिले यही हम सब का प्रयास रहेगा साथ ही जनता की मूलभूत समस्याओं का निराकरण समय पर किये जाने की बात कही गई। इस अवसर पर उपस्थित उपाध्यक्ष जितेंद्र महले ने भी नव नियुक्त मुख्य नगर पाली पालिका अधिकारी अधिकारी आशीष तिवारी का अभिनंदन किया एवं खिरोद्र भोई मुख्य नगर पालिका अधिकारी को विदाई दी गई। इस अवसर पर पार्षद एवं सभापति जितेंद्र डड़सेना, सतीश पटेल, हरजीत सिंह सलूजा, आदित्य गुप्ता, मनोज कांत पुरैना, प्रिया शशि भूषण शुक्ला, अंजनी गोविंद पात्रे, अमितेश नेताम, रेखा पोषण पटेल ,श्रद्धा मनीष वर्मा ,लोकेश चेलक, सुरेश गृतलहरे, गौतम सिंह चौहान आदि उपस्थित थे।

## वृक्ष मित्र समिति ने लगाए 32 पौधे



**पलारी**। नगर पंचायत में वृक्ष मित्र सेवा समिति ने बड़े स्तर पर पौधारोपण किया। समिति हर साल अपने खर्च पर यह कार्य करती है। इस बार दतान रोड स्थित मैदान में पौधे लगाए गए। समिति ने दतान रोड से मुरूम खदान तालाब तक और बगदाई नाला तक सड़क किनारे दोनों ओर कुल 32 पौधे लगाए। इनमें बरगद, पीपल और नीम शामिल हैं। पौधों की सुरक्षा के लिए ट्री गार्ड और तार फेंसिंग की व्यवस्था की गई। वही पौधरोपण कार्यक्रम में शामिल हुए नगर पंचायत अध्यक्ष गोपी साहू ने कहा कि समिति का यह प्रयास सराहनीय है। पूर्व जिला कांग्रेस अध्यक्ष हितेंद्र ठाकुर ने कहा पेड़ जीवन का आधार हैं। वृक्षारोपण केवल रस्म नहीं, यह भावी पीढ़ी के लिए जिम्मेदारी है। पौधे लगाकर उन्हें बड़ा करना जरूरी है। समिति का यह प्रयास पूरे क्षेत्र में आंदोलन बनना चाहिए।पौधारोपण कार्यक्रम में समिति के सदस्य प्रताप पाणिग्रही, लुकेश देवांगन, नारायण सेन, भोजराम देवांगन, हेमलाल देवांगन, जितेंद्र देवांगन, बंटी देवांगन, देवकुमार देवांगन, चेतन देवांगन, राहुल देवांगन, प्रेम निषाद, करण कन्नौजे, टूकेश्वर कन्नौजे, प्रकाश सेन, योगेश कन्नौजे, रामेश्वर कन्नौजे, पप्पू देवांगन और नारायण देवांगन ने का विशेष योगदान रखा ।

## थाना प्रभारी ने किया मीडिया से संवाद

**पलारी**। स्थानीय रेस्ट हाउस में आयोजित प्रेस क्लब की मासिक बैठक में थाना प्रभारी हेमंत पटेल ने पत्रकारों से मुलाकात की और क्षेत्र में विभिन्न समस्याओं की जानकारी साझा की। बैठक का उद्देश्य पत्रकारों के माध्यम से आमजन तक सुरक्षा और जन कल्याणकारी उपायों की जानकारी पहुंचाना रहा। थाना प्रभारी हेमंत पटेल ने बैठक में कहा कि पुलिस का कार्य जनभागीदारी से और अधिक प्रभावी हो सकता है। उन्होंने पत्रकारों से संवाद करते हुए अपने कार्यकाल के अनुभव साझा किए और अंचल में बढ़ती आपराधिक गतिविधियों, यातायात अव्यवस्था, साइबर ठगी जैसी चुनौतियों की जानकारी दी। साथ ही इन समस्याओं के रोकथाम हेतु पुलिस द्वारा किए जा रहे प्रयासों की जानकारी भी दी।

बैठक के दौरान पत्रकारों ने भी अपने-अपने क्षेत्रों की समस्याएं जैसे कि अवैध गतिविधियां, नशे का बढ़ता प्रचलन, सार्वजनिक स्थानों पर अव्यवस्था आदि मुद्दों को उठाया। थाना प्रभारी ने सभी सुझावों और समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए शीघ्र समाधान का भरोसा दिलाया।



## कन्या स्कूल का निरीक्षण करने पहुंचे विधायक, छात्रों से किया संवाद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कसडोल



नगर में स्थित मिनी माता शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में शुक्रवार को विधायक संदीप साहू ने निरीक्षण कर विद्यालय की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने कक्षाओं का दौरा किया। शिक्षकों और छात्राओं से मुलाकात की तथा पढ़ाई और सुविधाओं की स्थिति की जानकारी प्राप्त की। निरीक्षण के दौरान विधायक साहू ने छात्राओं से सीधे संवाद करते हुए उनकी पढ़ाई, पुस्तक वितरण, मध्यान्ह भोजन, पेयजल और साफ-सफाई संबंधी व्यवस्थाओं के बारे में पूछताछ की। छात्राओं ने उन्हें अपनी बातों से अवगत कराया, जिनमें कुछ कमियों की ओर भी ध्यान आकर्षित किया।

विद्यालय परिसर की सफाई व्यवस्था, शौचालय की स्थिति, कक्षाओं की मरम्मत और शिक्षकों की उपस्थिति जैसे महत्वपूर्ण पहलुओं का उन्होंने अवलोकन किया। निरीक्षण में कुछ स्थानों पर सुविधाओं की कमी तथा मरम्मत की आवश्यकता को देखते हुए उन्होंने मौके पर ही संबंधित विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए कि जल्द से जल्द इन कमियों को दूर किया जाए।

विधायक संदीप साहू ने कहा कि शिक्षा व्यवस्था को बेहतर बनाना मेरी प्राथमिकता है। विद्यालयों में बच्चों को समुचित वातावरण मिलना चाहिए, ताकि वे निर्बाध रूप से शिक्षा प्राप्त कर सकें। उन्होंने आश्वासन दिया कि कसडोल विधानसभा क्षेत्र के प्रत्येक विद्यालय में शिक्षा संबंधी आवश्यक संसाधनों की पूर्ति के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। इस अवसर पर ब्लॉक अध्यक्ष दयाराम वर्मा, गायत्री कैवर्त, योगेश बंजारे, चंदन साहू उपस्थित थे।

## श्रमदान कर वार्ड में सड़क के दोनों ओर झाड़ियों की सफाई

# नगर के पंचशील नगर में करायी गई सफाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

नगर पालिका क्षेत्र अंतर्गत पंचशील नगर सोनपुरी रोड स्थित प्रगति विहार कॉलोनी की महिलाओं द्वारा नगर पालिका अध्यक्ष अशोक जैन से भेंट कर साफ सफाई की मांग करते हुए वार्ड में पौधारोपण कराए जाने के संबंध में आवश्यक चर्चा की गई।

महिलाओं की मांग के अनुरूप नगर पालिका अध्यक्ष अशोक जैन द्वारा तत्काल पहल करते हुए वार्ड का निरीक्षण कर सफाई का कार्य कराया गया, निरीक्षण के दौरान उपाध्यक्ष जितेंद्र महले, पार्षद कन्हैया सेन, पार्षद प्रतिनिधि शशि भूषण शुक्ला उपस्थित थे। सफाई कार्य हेतु तत्काल जेसीबी एवं सफाई कर्मचारियों के माध्यम से महिलाओं द्वारा बताए गए स्थान पर सघन रूप से सफाई का कार्य कराया गया। इसके साथ ही महिलाओं के द्वारा श्रमदान कर वार्ड में सड़क के दोनों तरफ उगे झाड़ियां की सफाई भी की गई वह महिलाओं के मांग के अनुरूप पौधारोपण किये जाने आवश्यक पौधे एवं ट्री गार्ड की व्यवस्था किए जाने कहा गया। तत्काल सफाई कार्य कराए जाने से वार्ड वासियों ने अध्यक्ष अशोक जैन के कार्यों की सराहना करते हुए कराए गए सफाई कार्ड एवं वार्ड भ्रमण कर किए गए चर्चा पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए नगर पालिका अध्यक्ष अशोक जैन उपाध्यक्ष जितेंद्र महले एवं पार्षद गणों के प्रति आभार व्यक्त किया वार्ड भ्रमण एवं सफाई कार्य के दौरान भाजपा नेता योगेश अग्रवाल केश कुमार जायसवाल महिलाओं में प्रमिला वर्मा, श्वेता वर्मा, रानी साहू, जय सरकार, पायल यादव, उर्मिला वर्मा, प्रिया वर्मा, रमशीला वर्मा, बिट्टू सहित अन्य वार्ड वासी एवं नागरिक गण उपस्थित थे।




## नगर में प्ले स्कूल मकून्स का शुभारंभ




**बलौदाबाजार**। शाश्वत स्कूल एवं शाश्वत लिटिल स्टार इंग्लिश मीडियम स्कूल के बाद बलौदा बाजार में अंतरराष्ट्रीय स्तर के प्ले स्कूल मकून्स का शुभारंभ कर संस्था ने अपने बढ़ते कदम की ओर एक और नाम जोड़ दिया। कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथि एस एम उपाध्याय एवं डीपी जैन ने किया। इनके अतिरिक्त कार्यक्रम में विशेष अतिथि दिव्या गिरीश पटेल, सीताराम साहू प्राचार्य, सुषमा वैष्णव व्याख्याता, रविंद्र शाह व्याख्याता, शशि नामदेव एल डी टी, विनोद शुक्ला , आयोजक मकून्स के संचालक मनीष बरनवाल एवं पुरुषोत्तम जोशी मकून्स के प्राचार्य शिवम शुक्ला, विभूति शुक्ला एवं मकून्स के सभी स्टाफ एवं बच्चे उपस्थित रहे। मकून्स प्ले स्कूल बलौदाबाजार जिले का एकमात्र ऐसा स्कूल है जहां 3 वर्ष से बच्चों का खेल के साथ पढ़ाई, पढ़ाई के अलावा अन्य क्रियाकलापों से बच्चों को जोड़ना, डिजिटल पढ़ाई के साथ बच्चों का सर्वांगीण विकास स्कूल का उद्देश्य है।

## खबर संक्षेप




### चावल तिहार की तिथि बढ़ी फिर भी बंद पड़े राशन केंद्र

**सुहेला।** राज्य सरकार द्वारा शुरू की गई महत्वाकांक्षी चावल तिहार योजना के तहत जून, जुलाई और अगस्त महीने का राशन एक साथ वितरित किया जा रहा है। योजना की अंतिम तिथि पहले 30 जून निर्धारित की गई थी, जिसे अब जिला खाद्य विभाग द्वारा 31 जुलाई तक बढ़ा दी गई है। यह जानकारी जन सूचना संपर्क केंद्र, बलौदाबाजार से प्राप्त हुई है। विस्तार से पहले ही उठने लगे सवाल - तिथि विस्तार की घोषणा के बाद जहां ग्रामीण हितग्राहियों में राहत की लहर दौड़ी है, वहीं दूसरी ओर राशन दुकानों के लगातार बंद रहने से नाराजगी और असंतोष गहराता जा रहा है। विशेष रूप से सुहेला क्षेत्र में लगातार चार दिनों से केंद्र बंद पाए जा रहे हैं। न तो दुकानों के खुलने का समय तय किया गया है और न ही कोई सूचना पट लगाया गया है। परिणामस्वरूप हितग्राही रोजाना केंद्रों तक आकर खाली हाथ लौटने को मजबूर हैं।

### स्थानांतरण पर एसपी ने वैज्ञानिक अधिकारी डॉ. स्वाति को दी विदाई



**बलौदाबाजार।** पुलिस अधीक्षक भावना गुप्ता ने कार्यालय में वैज्ञानिक अधिकारी डॉ. स्वाति कुजूर को गुलदस्ता भेंट करते हुए विदाई दी। विदित हो कि डॉ. स्वाति कुजूर जुलाई 2024 से जिला बलौदाबाजार-भाटापारा में वैज्ञानिक अधिकारी के रूप में आई थी, जिनका स्थानांतरण अभी जिला बिलासपुर हुआ है। इस अवसर पर भावना गुप्ता द्वारा डॉ. स्वाति कुजूर को जिला बिलासपुर स्थानांतरण पर जिले से जाने एवं उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी।

### मनाया गया माता पहुंचनी पर्व



**पलारी।** ग्राम चरौदा में गुरुवार को माता पहुंचनी पर्व परंपरागत ढंग से मनाया गया। सुबह से ही मन्दिर प्रांगण स्थिति शीतला माता मन्दिर श्रद्धालुओं के भीड़ जुड़ने लगी। देर रात तक मंदिर में पूजा अर्चना का दौर चलता रहा। पर्व में लोग भारी संख्या में मंदिर प्रांगण में जुड़ते रहे। संध्या मांदर की थाप के साथ सेवा रूपी जस गीत का आयोजन किया गया। मां शीतला को नीम की पत्ती, हल्दी, तेल आदि से स्नान कराकर पूजा अर्चना की गई तथा चना दाल का भोग प्रसाद चढ़ाया गया। श्रद्धालुओं पर तेल, हल्दी, पानी को मिश्रण के पत्ते से छिड़काव किया गया तथा शीतला माता से गांव की सुख शांति और गांव के समस्त जीव जंतु को रोगमुक्त हो इसके लिए आशीर्वाद मांगे। इस अवसर पर गांव के पटेल बृजलाल साहू, भागसिंग जायसवाल,सरपंच लोकनाथ जायसवाल, मिथलेश जायसवाल समेत अन्य ग्रामीण उपस्थित थे।

### नेत्र जांच शिविर कल

कसडोल। एम जी एम नेत्र संस्थान रायपुर एवं कसडोल के तत्वाधान में रविवार 6 जुलाई को निःशुल्क नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया गया है। शिविर में मोतियाबिंद जांच एवं उपचार शिविर का आयोजन स्थानीय इंदिरा देवी गोरहा उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में रविवार 6 जुलाई को सुबह 10 से दोपहर तीन बजे तक रखा गया है। इसमें आर्थिक रूप से कमजोर मरीजों के लिए मोतियाबिंद का निःशुल्क जांच कर आपरेशन किया जाएगा, जिसमें रायपुर अस्पताल आने जाने सहित भोजन का निःशुल्क व्यवस्था किया गया है। इसमें मोतियाबिंद ऑपरेशन के लिए मरीजों को आधार कार्ड एवं राशन कार्ड साथ में लाना अनिवार्य है तथा मोतियाबिंद मरीज को अपनी तैयारी के साथ शिविर में आना होगा क्योंकि उसी दिन ऑपरेशन के लिए रायपुर जाना होगा।

# कृषि ड्रोन से उर्वरक एवं रसायनों का खेतों में हो छिड़काव

## कृषि स्थायी समिति की बैठक में किसान हितैषी योजनाओं के प्रचार-प्रसार पर जोर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

जिला स्तरीय कृषि स्थायी समिति की प्रथम बैठक जिला पंचायत के सभाकक्ष में कृषि सभापति इंदू जांगड़े की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में विभाग प्रमुखों द्वारा विभागवार योजनाओं की जानकारी के बारे में जानकारी प्रदान की गई। बैठक में कृषि स्थायी समिति के सदस्य ईशान वैष्णव एवं अंजली विमल साहू भी उपस्थित थे।

कृषि सभापति इंदु जांगडे. एवं सदस्यों द्वारा शासन की किसान हितौषी योजनाओं का व्यापक प्रचार-प्रसार करने एवं ग्राम स्तर पर प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित कर संतुलित उर्वरक के उपयोग, कृषि ड्रोन के माध्यम से उर्वरक एवं रसायनों का छिड़काव, और आधुनिक कृषि यंत्रों के उपयोग की जानकारी प्रदान करने के साथ ही डी.ए.पी उर्वरक के स्थान पर एन.पी.के. एवं सिंगल सुपर फास्फेट को बढ़ावा देने हेतु जिला स्तर पर समिति प्रबंधकों का प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित करने के निर्देश दिए। पशुपालन विभाग को पशुओं के गले में रेडियम कॉलर बेल्ट लगाने हेतु निर्देशित किया गया जिससे की दुर्घटनाओं को रोका जा सके।

इसी तरह पशुपालन विभाग द्वारा कुक्कुट प्रदाय योजना, सांड प्रदाय योजना, सुकर तरई योजना, कृत्रिम गर्भाधान, बकरा पालन योजना, टीकाकरण एवं मत्स्य पालन विभाग द्वारा संचालित प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना अंतर्गत संचालित योजनाओं की जानकारी दी गई।



### योजनाओं के बारे में दी जानकारी

उप संचालक कृषि द्वारा संचालित प्रमुख योजना जैसे बीज एवं उर्वरक भण्डारण वितरण, प्राकृतिक व जैविक खेती, मृदा स्वास्थ्य कार्ड, फसल बीमा योजना, किसान क्रेडिट कार्ड, नेशनल मिशन ऑन ऑयल सीड्स, एग्रीस्टैक योजना, पीएम. किसान सम्मान निधि योजना, फसल चक्र परिवर्तन, किसान समृद्धि योजनाओं के बारे में जानकारी दी गई । साथ ही विभाग द्वारा डी.ए.पी उर्वरक के स्थान पर एन.पी.के. एवं सिंगल सुपर फास्फेट को बढ़ावा देने कहा गया। उद्यान विभाग द्वारा राष्ट्रीय बागवानी मिशन अन्तर्गत घटक पुष्प विस्तार, फल क्षेत्र विस्तार, मशाला क्षेत्र विस्तार संरक्षित खेती, राज्य पोषित योजनान्तर्गत समेकित कृषि विकास योजना, फल उद्यान, नलकूप खनन, हल्दी, अदरक की खेती, नेशनल मिशन ऑन ऑयल पॉम के बारे में जानकारी साझा किया गया एवं अन्य तकनीकी विषयों के बारे में जानकारी दी गई ।

## सहकारिता दिवस पर सहकारी उत्पादों की प्रदर्शनी एवं लाईव प्रशिक्षण हुआ

# किसान खेती में उपयोग करे नैनो यूरिया डीएपी, एनपीके और जर्जीक सल्फेट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार




जिले के सहकारी समितियों में सहकारिता सप्ताह का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में सहकारिता विभाग द्वारा जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित रायपुर शाखा बलौदाबाजार में सहकारिता दिवस पर प्रदर्शनी आयोजित की गई। इसमें इफको द्वारा निर्मित उत्पादों, नैनो यूरिया, नैनो डीएपी, कन्सोटिया एनपीके, जर्जीक सल्फेट प्रदर्शनी एवं उपयोग के बारे में किसानों को जानकारी दी गई। इफको डीजीएम राजेश गोले ने नैनो यूरिया एवं नैनो डीएपी से लाईचोपा एवं सूखा बोनी विधि से लाइव बीज का उपचार कर धान के खेतों में बुआई करने का लाइव प्रशिक्षण दिया। साथ ही रोपा उपचार विधि का प्रशिक्षण भी किसानों को दिया गया। किसानो ने प्रशिक्षण पाकर हर्ष व्यक्त किये एवं इस तकनीक का उपयोग कृषि कार्य में करने की इच्छा जाहिर की।

फसल कटाई के बाद शेष अवशेषों को खेतों में जलाने से भूमि कठोर हो जाती है, जिससे उर्वरक क्षमता प्रभावित होती है जैसे-महत्वपूर्ण जानकारी कृषकों को दी गई। साथ ही अधिक से अधिक नैनो यूरिया एवं नैनो डीएपी का उपयोग ड्रोन के माध्यम से करवाने किसानों को प्रोत्साहित किया गया। उप आयुक्त सहकारिता उमेश कुमार गुप्ता ने सहकारी समितियों द्वारा सहकार से समृद्धि योजनांतर्गत किसानों के लिए किये जा रहे विभिन्न गतिविधियों जैसे प्रधानमंत्री जनऔषधी केन्द्र, सामान्य सेवा केन्द्र, प्रधानमंत्री किसान समृद्धि केन्द्र तथा आगामी दिनों में किसानों को बेहतर सुविधा देने के लिए परिवहन सुविधा केन्द्र खोले जाने जानकारी दी। कार्यक्रम में नोडल अधिकारी जीएन साहू, कार्यक्रम नोडल अधिकारी देवेन्द्र कुमार नेताम, शाखा प्रबंधक आरके धवलकर एवं पैक्स समितियों के प्रबंधक के साथ बड़ी संख्या में किसान उपस्थित थे।

### विस्तृत जानकारी दी

उप संचालक कृषि दीपक नायक द्वारा रासायनिक खादों का उपयोग पौधों पर किस प्रकार, किस-किस मात्रा में किया जाना है विस्तृत जानकारी प्रदान की। साथ ही एसएसपी, एनपीके का उपयोग करने का आग्रह कृषकों से किया।

# निजी और सरकारी भवनों में 31 तक पूर्ण हो रेन वाटर हार्वेस्टिंग का निर्माण



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार



संयुक्त जिला कार्यालय के सभाकक्ष में कलेक्टर दीपक सोनी की अध्यक्षता में शुक्रवार को निगमित सामाजिक उत्तरदायित्व की बैठक हुई। बैठक में सीएसआर मद के तहत आवंटित कार्यो, रेन वाटर हार्वेस्टिंग एवं पौधारोपण पर विस्तृत समीक्षा की गई। इस अवसर पर विभिन्न सीमेट सयंत्र सहित अन्य संयत्रों के प्रमुख उपस्थित थे।

■ कलेक्टर ने निगमित सामाजिक उत्तरदायित्व की बैठक में अधिकारियों को दिये निर्देश

कलेक्टर ने वर्षा जल संचयन के लिए पक्के भवनों में रेन वाटर हार्वेस्टिंग संरचना निर्माण पर जोर देते हुए सभी संयंत्र परिसर में स्थित भवनों तथा असवासीय परिसर के भवनों में रेन वाटर हार्वेस्टिंग संरचना निर्माण 31 जुलाई तक पूरा करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि यदि कई भवनों का छत एक ही है तो पानी के प्राकृतिक बहाव की दिशा में बड़े आकार के एक संरचना बना सकते हैं, लेकिन छत का पूरा पानी ड्रेन से जमीन में आना चाहिए। उन्होंने वर्ष 2024-25 में स्वीकृत कार्य व पूर्णता की समीक्षा करते हुए शेष कार्यों को शीघ्र पूरा करने तथा वर्ष 2025-26 के लिए प्रस्तावित कार्यों का अनुमोदन पश्चात काम शुरू करने कहा। कलेक्टर ने बरसात में पौधारोपण कार्यक्रम की समीक्षा करते हुए सभी संयंत्रों द्वारा पौधारोपण का लक्ष्य अनुरूप पौधे लगाने कहा। उन्होंने कहा कि पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देने के लिए संयंत्र की जहां भी खाली जमीन है वहां पौधारोपण कराएं। बैठक में डिप्टी कलेक्टर अरुण कुमार सोनकर, श्यामा पटेल, उप संचालक खनिज के के बंजारे, सीएमएचओ डॉ. राजेश कुमार अवस्थी सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

## विधायक संदीप ने सहकारी समिति हटौद का किया निरीक्षण, खाद समस्या पर जताई चिंता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कसडोल



विधायक संदीप साहू ने गुरुवार को ग्राम पंचायत हटौद स्थित प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने किसानों को डीएपी खाद की लगातार हो रही कमी पर चिंता व्यक्त की और अधिकारियों को तत्काल आवश्यक कदम उठाने के निर्देश दिए। हाल के दिनों में किसानों को उनकी फसल की बुवाई और अन्य कृषि कार्यों के लिए डीएपी खाद की किल्लत का सामना करना पड़ रहा है। इस वजह से खेतों की तैयारी और बुवाई में विलंब हो रहा है, जिससे आगामी फसल की उत्पादकता पर प्रतिकूल असर पड़ सकता है। विधायक संदीप ने सहकारी समिति में उपस्थित अधिकारियों से खाद आपूर्ति की स्थिति की जानकारी ली और स्टॉक का भी निरीक्षण किया। उन्होंने स्पष्ट रूप से निर्देश दिया कि किसानों को किसी भी स्थिति में उर्वरक खाद की कमी न हो और आवश्यकतानुसार तुरंत पर्याप्त मात्रा में खाद की उपलब्धता सुनिश्चित की जाए। विधायक ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि खाद वितरण में पारदर्शिता बरती जाए और किसानों को उनकी जरूरत के अनुसार समय पर खाद उपलब्ध कराया जाए, ताकि कृषि कार्यों में कोई बाधा न आए।

# सर्पदंश से पीड़ित को तत्काल ले जाये अस्पताल, स्वास्थ्य विभाग ने दी सलाह

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

वर्षा ऋतु प्रारम्भ होने के साथ ही नमी एवं उमस बढ़ जाती है। बारिश का पानी बिलों में जाने के कारण अपने भोजन की तलाश में सांप-बिच्छू अक्सर मनुष्यों के निवास स्थानों पर चले जाते हैं और कभी-कभी लोगों को काट भी लेते हैं। इस मौसम में सर्प दंश की घटनाएं भी बढ़ जाती हैं। सर्प दंश में ओझा- बैगा के झाड़-फूंक में विश्वास कर समय गंवाने से व्यक्ति की मृत्यु भी हो सकती है। सर्प दंश की स्थिति में सीधे नजदीकी अस्पताल पहुंचकर इलाज कराना जरुरी है। कलेक्टर दीपक सोनी ने लोगों से झाड़-फूंक जैसे अंधविश्वास से बाहर आकर सर्पदंश की स्थिति में अस्पताल में अपना उपचार कराने की अपील की है।

जिला नोडल अधिकारी डॉ. अभिजीत बैनर्जी ने बताया कि सर्पदंश की स्थित में मरीज को घबराने नहीं देना है, क्योंकि इससे हृदय गति बढ़ने से विष तेज़ी से फैलता है। काटे गए अंग को हिलाना नहीं है और न ही कोई कड़ा कपड़ा बांधना है। नजदीक के अस्पताल में तुरंत ले जाएं। घर से बाहर जाने और उस जगह पर रोशनी कम होने पर टार्च लेकर जाएं और जूते पहने आसपास सफाई रखें। कक्ष में भोजन सामग्री धान आदि न रखें जिससे चूहे न आने पाये।

### सर्पदंश का इलाज निःशुल्क

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. राजेश कुमार अवस्थी ने बताया कि विषैले सर्पो के काटने का इलाज अस्पतालों में उपलब्ध एंटीवेनम से ही होता है। किसी प्रकार के झाड़-फूंक करवाने से यह ठीक नहीं हो सकता, बल्कि इसमें समय गंवा देने पर अक्सर पीड़ित व्यक्ति गंभीर हो जाता है और बाद में अस्पताल लाने पर चिकित्सकों को उस मरीज पर बहुत मेहनत करनी पड़ती है। कई प्रकरणों में विष पूरे शरीर में फैल जाता है, जिस कारण जान बचाना भी काफी मुश्किल रहता है। इसलिए ऐसे प्रकरणों में तत्काल अस्पताल आना ही सही है, जहां इसका निःशुल्क इलाज किया जाता है।

### घरों के आसपास न होने दे पानी का जमाव

**लवन।** बरसात का मौसम जहां खेती-किसानी के लिए अमृत समान होता है, वहीं दूसरी ओर यह मौसम लोगों के लिए बीमारियों की सौगात लेकर पहुंचता है। बारिश के कारण जगह-जगह जलजमाव की स्थिति बन जाती है। आबादी क्षेत्र में जल निकासी की व्यवस्था नहीं होने से मच्छरों के पनपने मौका मिल जाता हैं। यदि साफ पानी का जमाव है, तो भी और गंदे पानी का जमाव तो पहले से नुकसानदेह है। पानी में ही डेंगू और चिकनगुनिया जैसी जानलेवा बीमारी फैलाने वाले मच्छर पनपते हैं। बरसात के साथ इन घातक बीमारियों की भी दस्तक होती है। ऐसे में जागरूकता ही एकमात्र बचाव का रास्ता होता है। इन बीमारियों की रोकथाम के तमाम प्रयास के बावजूद मामले बढ़ते रहते हैं। खासतौर पर डेंगू व चिकनगुनिया की बीमारी ज्यादा खतरनाक साबित होती है। बारिश के दिनों में सरकारी या निजी सभी अस्पतालों में मलेरिया, वायरल फीवर, डायरिया आदि के मरीजों की संख्या में इजाफा होता है।

# किसान-जवान-संविधान सभा में शामिल होंगे कांग्रेस सदस्य, बैठक में बनी रणनीति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरोरा



प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के मुख्य आतिथ्य में 7 जुलाई को आयोजित किसान जवान संविधान महासभा की तैयारी हेतु विशेष बैठक रेस्ट हॉउस खरोरा में आयोजित की।

इसमें खरोरा क्षेत्र के कांग्रेसजनों के साथ-साथ अधिक से अधिक संख्या में किसानों, युवाओं को भी लेकर राष्ट्रीय अध्यक्ष को सुनने रायपुर जाने का निर्णय लिया। कार्यक्रम में पीसीसी से मनोनीत विधानसभा प्रभारी अमित शर्मा बंटी, जिला अध्यक्ष उद्योराम वर्मा, पूर्व सांसद छाया वर्मा, पूर्व विधायक अनीता योगेंद्र शर्मा, ओबीसी कांग्रेस अध्यक्ष भावेश बघेल, ब्लॉक अध्यक्ष सौरभ मिश्रा, देवव्रत नायक, अश्वनी वर्मा, अभिषेक वर्मा, मुकेश भरद्वाज, प्रकाश सगरवंशी, शशांक शेखर चंद्राकर, जितेंद्र चंद्राकर, प्रदीप मडरिया, धनेश राम वर्मा, श्यामलाल बघेल, भगबली ध्रुव, मुकेश ठाकुर, राजू गायकवाड़, प्रहलाद यादव, शेखर देवांगन, शंकर रात्रे, रामस्नेही वर्मा, सहित नगर पंचायत खरोरा के पार्षद सुरेन्द्र गिलहरे, बबलू भाटिया, जुबेर अली, संत नवरंगे, नीलेश चंद्रवंशी, सहित खरोरा ब्लॉक के समस्त कांग्रेसीजन उपस्थित थे ।

## अभियान में छात्रों को बीमारी से बचने आसपास स्वच्छता बनाए रखने बताए गए उपाय

# शुरू हुआ सफाई अपनाओ बीमारी भगाओ अभियान का आगाज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भटगांव



भारत सरकार द्वारा 1 से 31 जुलाई तक सफाई अपनाओ बीमारी भगाओ अभियान 2025 का आयोजन किया गया है, जिसके परिपालन में सफाई अपनाओ- बीमारी भगाओ अभियान का शुभारंभ स्वामी आत्मानंद उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भटगांव में किया गया। इसमें सुरेश रघु स्वच्छता ब्रांड एंबेसडर, भूपेश सिंह सीएमओ, रामदुलार साहू, शुभम नायक, हलधर आदित्य प्रभारी प्राचार्य एवं समस्त टीचर छात्र छात्राएं उपस्थित थे। बच्चों को बीमारी से बचने आसपास को स्वच्छ बनाए रखने उपाय बताए गए। कार्यक्रम का उद्देश्य डेंगू मलेरिया चिकनगुनिया आदि बीमारियों के रोकथाम हेतु सतत स्वच्छता पर ध्यान केंद्रित करते हुए नागरिकों को जल जनित तथा वेक्टर जनित बीमारियों के रोकथाम हेतु स्वच्छता को एक सचेत प्रबुद्ध एवं प्रभाव विकल्प के रूप में चयनित करने हेतु प्रोत्साहित किया जाना है।

सफाई अपनाओ बीमारी भगाओ अभियान-2025 का उद्देश्य मिशन के आदर्श सिद्धांत 'स्वभाव स्वच्छता, संस्कार स्वच्छता' को आगे बढ़ाना है।

कार्यक्रम 6 बिंदुओं पर आधारित है- स्वच्छ हाथ, स्वच्छ घर, स्वच्छ पड़ोस, स्वच्छ शौचालय, स्वच्छ नालिया एवं जल निकाय, स्वच्छ सार्वजनिक स्थल जिस हेतु नागरिकों से अपील की जाती है कि वे स्वच्छता बनाए रखकर और खासकर बच्चों में नियमित रूप से हाथ धोकर जल एवं वेक्टर जनित बीमारियों को रोकें, हर समय उचित एवं स्वच्छ शौचालय की आदतें बनाए रखे, नालियों को जाम न होने दे, अपने आस-पड़ोस में कचरा न डाले, घर के अंदर पानी जमा होने से रोके, कूड़ा-कचरा फैलाने से बचे और सार्वजनिक स्थानों पर सूखे-गीले कचरे के लिए अलग-अलग कूड़ेदान के इस्तेमाल को बढ़ावा दें।

